


दैनिक

# सुप्रीम न्यूज

हिन्दी समाचार पत्र

आर एन आई नंबर UPHIN/2010/33252



जनता का अखबार

वर्ष : 13 अंक : 312 गौतमबुद्धनगर, सोमवार, 16 जनवरी 2023 उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पृष्ठ : 04 मूल्य : 05 रूपये मात्र


# ककराला चौकी प्रभारी पंद्रह दिन से खाईबाडी का स्थान नही ढूंढ पाए

**ब्यूरो रिपोर्ट। सुप्रीम न्यूज**

**नोएडा।** यूं तो जिले भर में अवैध धंधों की भरमार है लेकिन नोएडा फेस टू क्षेत्र बना सट्टा व जुआ माफियाओं का गढ़। हाईटेक शहर नोएडा में सट्टा व जुआ माफियाओं का मकड़जाल फैला हुआ है स्थानीय पुलिस जानबूझ नजरअंदाज करती हैं यही कारण है कि जिले भर में सट्टा व जुआ चलाने वाले गैंग अनेकों जगह खाईबाडी कर कानून को चुनौती दे रहे हैं

**आखिर क्यों और किसके संरक्षण में पनप रहे हैं गैरकानूनी धंधों से जुड़े हुए माफिया?**

नोएडा थाना फेस-2 क्षेत्र के अनेकों गांव और सेक्टरों में अवैध तरीके से बड़े पैमाने पर जुआ व सट्टा चलाने वाले माफिया बेखौफ होकर खाईबाडी कर सट्टा व जुआ चला रहे हैं।

जिसके चलते युवा और नाबालिक बच्चे लालच में आकर सट्टेबाजों से 10 रुपए के हजार रुपए जीतने के चक्कर में इनकी चपेट में आ रहे हैं। कुछ मामलों में सौ के दो सौ तो कुछ मामलों में सौ रुपए के हजार रुपए जीतने के चक्कर में जुआ माफियाओं के चुंगल में फंसाकर अपनी मेहनत की कमाई को लगातार गंवाते रहते हैं।

आपको बता दें कि थाना फेस-2 पुलिस द्वारा लोगों की बार-बार शिकायतों के बाद भी खाईबाडी करने वाले लोगों पर कार्रवाई नही की जाती है। बल्कि किसी



एक स्थान पर खाईबाडी की अधिक शिकायतें हो जाने पर स्थानीय पुलिस खाईबाडी के स्थान को परिवर्तित करवा देती है। नोएडा फेस दो थाना क्षेत्र के ककराला, नयागांव और नगला में पुलिस की मिलीभगत से इस तरह के अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहे हैं।

**महीनों से हो रही थी फेस टू क्षेत्र में खाईबाडी की शिकायतें स्थान बदलवा कर रखते हैं धंधा जारी**

जिसकी सूचना ककराला चौकी प्रभारी को फोन पर व मुंह दर मुंह भी दी गई लेकिन चौकी प्रभारी को पंद्रह दिन में भी सट्टेबाजों का ठिकाना नही मिल पाया। जबकि ककराला पुस्ता चौकी से सौ मीटर की दूरी पर पूरा सट्टा लिखने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। सबसे बड़ी हैरानी तो इस बात की है कि कमिश्नरेट गौतम बुध नगर की पुलिस को इन अवैध जुआ व सट्टा चलाने वाले गैंगों की जानकारी






कैसे नहीं लगती है? बल्कि इतना ही नहीं कमिश्नरेट गौतम बुध नगर के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों को अवैध कारोबारियों की तथ्यों के साथ सूचना भी दी जाती है तो स्थानीय पुलिस के जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा उच्चाधिकारियों को झूठी रिपोर्ट देकर शिकायतकताओं को ही झूठा साबित कर दिया जाता है। ये बात बहुत दिलचस्प है कि सब कुछ स्पष्ट होते हुए भी उच्चाधिकारियों द्वारा गुमराह होने का नाटक किया जाता है या फिर वो सचमुच गुमराह हो जाते हैं? मामला इतने तक ही सीमित नही है। सच्चाई तो बहुत आगे है। पुलिस अवैध धंधों में शामिल लोगों को संरक्षण देते हुए शिकायतकताओं के विरुद्ध झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल तक भेज देती है। जिले में ऐसे अनगिनत मामले हैं। जब अवैध शराब तस्करों, गांजा तस्करों या सट्टे की खाईबाडी करने वाले माफियाओं से साठ-गांठ कर शिकायकताओं पर मुकदमें दर्ज कर जेल भेजें गए हैं। ये सब पुलिस का वर्षों पुराना दस्तूर है।

**जब भी किसी जिले में कोई नया पुलिस अधिकारी आता है तो एक बार लोगों में पुनः उम्मीद जाग जाती है।**

इसलिए अब देखना यह होगा कि गौतम बुध नगर पुलिस कमिश्नरेट की तेज तर्रार पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह अवैध कारोबारियों व माफियाओं के खिलाफ हो रही शिकायतों को नजरअंदाज करती हैं या फिर अवैध शराब तस्करों, गांजा तस्करों व खाईबाडी ना करने वाले पुलिसकर्मियों पर कोई एक्शन लेंगी। क्या जनपद गौतम बुद्ध नगर में बड़े पैमाने पर जगह जगह अवैध तरीके से माफियाओं द्वारा स्थानीय पुलिस से साठ-गांठ कर चलाएं जा रहे सट्टे व जुआ के धंधे और मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगा पाएगा?

## संपादकीय

### थाने की बगल में रहने वाले तक पहुंचने में पूरी मशक्कत के बाद पंद्रह दिन लग गए



दिसंबर की 31 तारीख को एक छात्र व दो छात्रों को एक सेंट्रो कार चालक ने एक्सीडेंट मार दिया था जिसमें से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। छात्रा की मदद के लिए गौतम बुद्ध नगर की पुलिस द्वारा अपने 1 दिन का वेतन एकत्र करके 10 लाख रुपए छात्रा के इलाज के लिए भी दिया गया। इसके अलावा नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा अपने स्तर से ड्ट एक लाख अतिरिक्त भी दिए। इस तरह छात्रा के ईलाज के लिए गौतम बुध नगर के द्वारा 11 लाख रुपए दिए गए। यह धनराशि गौतम बुध नगर पुलिस द्वारा यहां की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आवाहन पर छात्रा की मदद के लिए दी गई।

**क्यों कि यहां एक सफेद पोश शराबी ठेकेदार था जो पेशेवर अपराधी नही था?**

दूसरी तरफ छात्रा को एक्सीडेंट मारने वाली गाड़ी और उसके ड्राइवर को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना को 15 दिन बीत चुके हैं। 15 दिन की बड़ी मशक्कत के बाद कहीं जाकर पुलिस अपने ही थाने की बगल में रहने वाले या यूं कहें कि थाने से 100, 200 मीटर की दूरी में रहने वाले कार चालक को उसकी कार सहित गिरफ्तार करने में 15 दिन का समय लगा देती है।

अब आप इस मामले में ये बिल्कुल भी नही कह सकते कि थाने की पुलिस ने एक्सिडेंट करने वाले को तलाश करने में कोई कोर कसर बाकी छोड़ी थी। ये बात अलग है कि इस मामले में पुलिस को थाना के पड़ोस में रहने वाले तक पहुंचने में पूरे पंद्रह दिन लग गए।

पुलिस की मेहनत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक तो इस मामले में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम ग्रेटर नोएडा दोनों दिलों जान से लगे हुए थे। इनके अलावा स्थानीय थाना स्तर पर 6 टीमें मय सर्विलांस टीम के लगाई गई थीं। जिनके द्वारा बहुत ही गहन छानबीन कर रही थी। जो सीएनजी पंप/पैट्रोल पंप व रास्तों के 100 से अधिक सीसीटीवी व मरम्मत करने वालों से भी पूछताछ और छानबीन करती रहीं। इस सब में पूरे पंद्रह दिन लग गए।

अब पुलिस की यह कामयाबी तब है जब एक्सीडेंट मारने वाला कोई पेशेवर अपराधी नही था। घटना स्थल भी अल्फा दो से डेल्टा की ओर जाने वाली सड़क है। जो कुछ सैक्टरों को जोड़ने वाली सड़क है कोई राजमार्ग या हाईवे नही है। सर्दियों के मौसम में घटना का समय, घटना स्थल और गाडी के आने-जाने की दिशा भी निर्णायक रही होगी।

अब यहां एक बड़ा सवाल यह है कि आखिर कार पुलिस को इतनी मशक्कत क्यों करनी पड़ी और पंद्रह दिन का समय क्यों लगा? इसका सीधा सा जवाब ये है कि सर्दियों का मौसम होने के कारण मुखबिर खास ठंड में ठिठुर रहा होगा। दूसरे घटना को अंजाम देने वाला पेशेवर अपराधी नही था। इसलिए उसे चिन्हित करना मुश्किल था। नोएडा पुलिस में तो उत्तर प्रदेश पुलिस के छटे हुए जांबाज भरे पड़े हैं। जो पेशेवर अपराधियों से मुठभेड़ करने में महारत हासिल किए हुए हैं। घटना एक्सीडेंट की थी या ये कहें कि एक्सीडेंट करने वाला शख्स बीटा दो के एच 52 का निवासी होने के साथ-साथ उम्र दराज शराबी ठेकेदार व सफेद पोश है। जिसे खुद नही मालूम कि वह घटना के बाद नशे में अपने घर कैसे पहुंचा? वरना नोएडा पुलिस के जांबाज एक जिंदा और एक खोखा कारतूस के साथ तमंचा बरामद करने में शायद इतनी देर नही करते। यहां पुलिस की जांबाजी और मुखबिरों की काबिलियत पर सवाल खड़े करना मकसद नही है। ये तो गनीमत है कि इस बार मुखबिर ठंड की वजह से कम काम कर रहे थे वरना एक्सीडेंट के मामले में भी चोरी की गाड़ी और तमंचा कारतूस, मुठभेड़ और पूरा तामझाम खड़ा हो गया होता।

# बीटा दो पुलिस की बड़ी कामयाबी छात्रा से एक्सिडेंट करने वाला सैन्ट्रो कार सहित गिरफ्तार

## बीटा दो थाने के पास का रहने वाला निकला आरोपी पंद्रह दिन तलाशती रही पुलिस

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निदेर्शानुसार थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा 31 दिसम्बर की रात अल्फा-2 बस स्टाप के पास बीटेक छात्र-छात्रा के साथ हुयी दुर्घटना की घटना का सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक 15.01.2023 को उक्त घटना में प्रयुक्त सैंन्ट्रो कार नम्बर वढ16अश्2700 रंग सफेद को बरामद कर चालक गुलाब सिंह पुत्र राजपाल सिंह निवासी ल्ह-52 बीटा-2, थाना बीटा-2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर को विश्व भारती कट के पास से गिरफ्तार किया गया है।




**थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा 31 दिसम्बर की रात अल्फा-2 बस स्टाप के पास बीटेक छात्र-छात्रा के साथ हुयी दुर्घटना की घटना का सफल अनावरण करते हुए दुर्घटना में प्रयुक्त सैन्ट्रो कार को बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया गया। घटना का सफल अनावरण करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त महोदया द्वारा 25,000/- रुपए के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी।**

**पूरे मामले पर एक नजरे**

दिनांक 31.12.2022 की रात्रि में करीब 09.00 बजे थाना बीटा-2 क्षेत्रान्तर्गत अल्फा-2 बस स्टाप से घायल पीडिता कुमारी स्वीटी पुत्री शिवनन्दन निवासी पटना बिहार अपने साथी कुमारी करसोनी डोंग मूल निवासी अरूणाचल प्रदेश तथा आनगानवा मूल निवासी मणिपुर जो वर्तमान में क्रमशः ऋ्ठक्डळ एवं शारदा यूनिवर्सिटी नालेजपार्क ग्रेटर नोएडा में बीटेक के छात्र-छात्रा हैं । जो पैदल पैदल अल्फा-2 से डेल्टा-1 की तरफ जा रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाकर तीनों छात्र-छात्राओं को टक्कर मारकर घायल कर दिया जिसमें कुमारी स्वीटी अत्यन्त गम्भीर हालत में थी तीनों छात्र-छात्राओं को मौके पर आये बलैनो कार चालक द्वारा कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूचना मिलते ही उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना बीटा-2 पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निदेर्शानुसार सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम ग्रेटर नोएडा के निकट पर्यवेक्षण में स्थानीय थाना स्तर पर 06 टीमें मय सर्विलांस टीम लगायी गयी। टीम द्वारा गहनता से छानबीन कर सीएनजी पम्प / पैट्रोल पम्प व रास्तों के 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज देखे गये एवं आस-पास के कार मरम्मत करने वालों से भी पूछताछ व छानबीन की गयी । समस्त कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 15.01.2023 को उक्त घटना में प्रयुक्त सैंन्ट्रो कार नम्बर वढ16अश्2700 रंग सफेद को बरामद किया गया तथा घटना के समय उक्त कार के चालक/अभियुक्त गुलाब सिंह पुत्र राजपाल सिंह निवासी ल्ह-52 बीटा-2, थाना बीटा-2 ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर को विश्व भारती कट के पास से मय सैन्ट्रो कार नम्बर वढ16अश्2700 रंग सफेद के साथ गिरफ्तार किया गया है। श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदया द्वारा पुलिस परिवार की तरफ से 11 लाख रूयपे की सहयोग राशि पीडिता को इलाज के लिए दी गयी थी। घटना का अनावरण करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त महोदया द्वारा 25000/- रुपए के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

# गुजरात पोल के नतीजे संदेश देते हैं कि मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री चुने जाएंगे: अमित शाह



**गांधीनगर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि हाल में संपन्न गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे न केवल राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इससे यह संदेश गया है कि नरेंद्र मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाएंगे। विपक्षी दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि गुजरात के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य में रिकॉर्ड संख्या में सीट के साथ गुजरात में सत्ता में बनाए रखने में मदद करके उन लोगों को जवाब दिया जिन्होंने राज्य और प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम करने की कोशिश की। शाह ने यहां विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम में कहा, ''गुजरात के लोगों ने जातिवाद के जहर को खत्म करने के लिए काम किया है और खोखले, झूठे और आकर्षक वादे करने वालों के मुंह पर तमाचा जड़ा है।

गुजरात के लोगों ने गुजरात और नरेंद्र मोदी को बदनाम करने की कोशिश करने वालों को जवाब दिया है।'' उन्होंने कहा, ''यह परिणाम अकेले गुजरात के लिए महत्वपूर्ण नहीं है। 2024 में (लोकसभा) चुनाव होगा और पूरा देश एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है।'' वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि गुजरात का यह संदेश कश्मीर से कन्याकुमारी (देश में उत्तर से दक्षिण) और द्वारका से कामाख्या (पश्चिम से पूर्व) तक पहुंच गया है कि ''मोदी साहब 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे।'' शाह ने कहा कि राज्य के विकास के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताने की जरूरत नहीं है, क्योंकि लोगों ने चुनाव में इसका जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा, ''ऐसा एक भी राज्य नहीं है जहां किसी पार्टी ने 27 साल तक लगातार शासन किया हो। गुजरात एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा ने (27 साल और उससे अधिक समय तक) शासन किया है।''

शाह ने कहा कि जब गुजरात चुनाव की घोषणा हुई तो कांग्रेस ने दावा किया कि इस बार यह उसका मौका है। उन्होंने कहा, ''दिल्ली से भी लोग यहां मुफ्त में ये और वो देने के वादे के साथ पहुंचे।'' उन्होंने कहा कि इन सब के बावजूद जब परिणाम घोषित हुआ तो भाजपा रिकॉर्ड 156 सीट (गुजरात में कुल 182 में से) के साथ विजेता बनकर उभरी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में भाजपा का हर एक कार्यकर्ता लोगों के समर्थन के लिए उनका ऋणी है और इस तथ्य पर गर्व महसूस करता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए सुरक्षित 40 सीट में से पार्टी ने 34 सीट पर जीत हासिल की।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल ग्रामीण स्तर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया, बल्कि दुनिया के सबसे ऊंचे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (नर्मदा जिले में), नरेंद्र मोदी (अहमदाबाद में) के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम और गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गांधीनगर) बनाकर गुजरात को दुनिया में नंबर एक बनाने की दिशा में कई काम किए। स्वच्छता के बारे में बात करते हुए शाह ने कहा कि जब तक लोग मिलकर काम नहीं करेंगे, कोई भी सरकार गांव या शहर को स्वच्छ नहीं बना सकती है।

उन्होंने कहा, ''स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य के लिए पहली शर्त है। प्रधानमंत्री मोदी एक बड़ा स्वास्थ्य केंद्र बनाने जा रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र बनाना आसान है, लेकिन बेहतर यह है कि बीमार पड़ने की नौबत न आए और स्वास्थ्य केंद्र जाने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए हमें अपने गांवों को साफ रखना होगा।'' शाह ने गांधीनगर-उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और राज्य की राजधानी में मोती अदराज गांव से प्लास्टिक मुक्त गांवों के लिए अभियान भी शुरू किया।

# हम सैनिकों के साहस और निःस्वार्थ बलिदान के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे: खरगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सेना दिवस के अवसर पर रविवार को कहा कि देश के लोग सैनिकों के अदम्य साहस अत्यंत समर्पण और निःस्वार्थ बलिदान के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी भारतीय सेना की सराहना की और कहा कि हर सैनिक बहादुरी देशभक्ति और बलिदान की भावना से परिपूर्ण है। खरगे ने ट्वीट किया कि भारतीय सेना दिवस के अवसर पर हमारे बहादुर सैनिकों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों को सलाम और उनके परिवारों के प्रति आभार। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम आपके अदम्य साहस अत्यंत समर्पण और निःस्वार्थ बलिदान के लिए हमेशा आपके ऋणी रहेंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि पराक्रम देशप्रेम और बलिदान इन सबसे परिपूर्ण है हमारी सेना का हर जवान। उन्होंने देश के लिए त्याग तपस्या और समर्पण करने वाले' सभी जवानों सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को सेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस ने ट्वीट किया कि भारतीय सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के जवानों को राष्ट्र की निस्स्वार्थ सेवा करने के लिए सलाम करते हैं और उस गौरवशाली दिन को भी याद करते हैं जब भारतीय सेना को सैन्य संचालन के नेतृत्व एवं प्रशासन के लिए के.एम. करियप्पा के रूप में अपना पहला भारतीय कमांडर-इन-चीफ मिला था। फील्ड मार्शल के एम करियप्पा के 15 जनवरी 1949 को अपने ब्रिटिश पूर्ववर्ती के स्थान पर भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभालने के उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है।



# सेना दिवस : राष्ट्रपति मूर्मू पीएम मोदी व गृहमंत्री शाह ने जवानों को किया नमन मोदी ने दी शुभकामनाएं

**–पहली बार बेंगलुरू में मनाया जा रहा भारतीय सेना दिवस**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज यानी 15 जनवरी को इंडियन आर्मी अपना 75वां स्थापना दिवस मना रही है। देश में हर साल 15 जनवरी को भारतीय थल सेना दिवस मनाया जाता है। आजादी के बाद पहली बार भारतीय सेना दिवस बेंगलुरू में मनाया जा रहा है। सेना दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सेना के वीर जवानों को नमन किया। सेना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जवानों को नमन किया। उन्होने ट्वीट कर कहा सेना दिवस पर आइए याद करें भारतीय सेना के जवानों के बलिदान की अनगिनत कहानियां। उन्होंने हमेशा वीरता और साहस की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और आपदाओं के समय रक्षक के रूप में भी काम किया है। मैं इस अवसर पर भारतीय सेना के सभी वीर जवानों और उनके परिवारों को नमन करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि सेना दिवस पर मैं सभी सैन्यकर्मियों भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देता हूं। प्रत्येक भारतीय को हमारी सेना पर गर्व है। उन्होंने हमेशा हमारे देश को सुरक्षित रखा है। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय सेना वीरता और साहस का पर्याय है। आर्मी डे पर मैं सैनिकों पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बधाई देता हूं। देश को सुरक्षित रखने के संकल्प के लिए भारत को हमारी सेना पर गर्व है। हम अपने वीरों को नमन करते हैं और उनके सर्वोच्च बलिदान को भी नमन करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेना दिवस के अवसर पर सभी सैन्यकर्मियों पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं।

# टूटा भारत का सपना, यूएसए की ग्रेब्रिएल के सिर पर सजा मिस यूनिवर्स 2022 का ताज

**मुंबई।** 71वें मिस यूनिवर्स पेजेंट का आयोजन अमेरिका के लुइसियाना स्टेट के न्यू ऑर्लेअंस शहर में हुआ, जहां मिस यूनिवर्स 2022 ब्यूटी पेजेंट का ऐलान हुआ और ये खिताब यूएसए की आर बॉने ग्रेब्रिएल ने जीता है। दुनियाभर की 84 कंटेस्टेंट्स को मात देने के बाद ये ताज आर बॉने ग्रेब्रिएल के सिर पर सजा है। बता दें कि वेनेजुएला की अमांडा डुडामेल न्यूमेन, यूएसए की आर बॉने ग्रेब्रिएलऔर डॉमिनिक रिपब्लिक की एंड्रीना मार्टिनेज टॉप 3 में पहुंचीं। वहीं भारत की ओर से दिविता राय मैदान में थीं,जो टॉप 16 में तो अपनी जगह बना पाई लेकिन टॉप 5 में शामिल नहीं रहीं।

**मिस यूनिवर्स 2022 पहनेगी 49 करोड़ रुपए का ताज**-बता दें कि इस बार मिस यूनिवर्स का ताज भी काफी खास है। इस बार मिस यूनिवर्स को पहनाए जाने वाले ताज का नाम फोर्स फॉर गुड रखा गया है। इसे मौवाड कंपनी ने बनाया है। ये ताज दर्शाता है कि महिलाओं ने जो भविष्य बनाया है वह संभावनाओं की सीमाओं से आगे है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी कीमत 6 मिलियन डॉलर यानी करीब 49 करोड़ रुपए है।

**कौन हैं दिविता राय?**-बता दें कि दिविता राय का जन्म 10 जनवरी 1998 को मैंगलोर (कर्नाटक) में हुआ था। 25 वर्षीय दिविता पेशे से आर्किटेक्ट और मॉडल हैं। साल 2022 में उन्होंने मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज अपने नाम किया था और इसके बाद मिस यूनिवर्स में भारत का प्रतिनिधत्व करने मैदान में उतरी थीं। याद दिला दें कि दिविता राय को मिस दीवा यूनिवर्स 2022 का क्राउन 2021 की मिस यूनिवर्स हरनाज संधु ने पहनाया था।

**कौन दिलवा चुका दिलाया भारत को सम्मान**-याद दिला दें कि कॉस्ट्यूम राउंड में सोन चिरैया बन, दिविता ने सभी का ध्यान खींचा था और सोशल मीडिया पर उनके फोटोज और वीडियोज खूब वायरल हुए थे।सुष्मिता सेन, लारा दत्ता और हरनाज संधू इससे पहले देश को ये गौरव दिलवा चुकी हैं और उन्होंने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। हरनाज संधू ने 12 दिसंबर 2021 को मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। जबकि 1994 में सुष्मिता सेन के बाद साल 2000 में लारा दत्ता मिस यूनिवर्स बनीं थीं।



**मिस यूनिवर्स से जुड़ी कुछ जानकारियां**


गौरतलब है कि मिस यूनिवर्स एक अंतरर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसकी शुरुआत साल 1952 से हुई थी। मिस यूनिवर्स का पहला खिताब 1952 में अर्मी कूसेला ने जीता था। इसे पेजेंट को अमेरिका की मिस यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन आयोजित करती है और इसका बजट सालाना करीब 10 करोड़ डॉलर बताया जाता है। बता दें कि इसका हैडक्वाटर अमेरिका के न्यूयॉर्क में है। इसकी आयोजन की आधिकारिक भाषा इंग्लिश है और पाउला शुगार्ट 1997 से ऑर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष हैं।

स्वात्वाधिकारी **मुद्रक, प्रकाशक संजय भाटी ने** वत्स आफसैट मुदद्दा हाऊस सी ब्लाक बारातघर के सामने चौडा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतमबुद्धनगर से मुद्रित एवं सेवा सदन देवला , ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित किया । RNI.NO.UPHIN/2010/33252, Mob. 9811291332 किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी। **संपादक- मधु**

# सिसोदिया के दफ्तर पर सीबीआई की छापेमारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के दफ्तर पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी की है। इसकी सूचना खुद सिसोदिया ने ट्वीट कर दी।

सिसोदिया ने कहा, 'आज फिर सीबीआई उनके दफ्तर पहुंची है। वह सीबीआई की टीम का स्वागत करते हैं। सिसोदिया ने कहा कि इन्होंने मेरे घर पर रेड कराई, दफ्तर में छापा मारा, लॉकर तलाशे, मेरे गांव तक में छानबीन करा ली लेकिन मेरे खिलाफ न कुछ मिला हैं न मिलेगा क्योंकि मैंने कुछ गलत किया ही नहीं है। ईमानदारी से दिल्ली के बच्चों की शिक्षा के लिए काम किया है।' उल्लेखनीय है कि मनीष सिसोदिया के दिल्ली सचिवालय स्थित कार्यालय पर सीबीआई का छापा पड़ा है। दिल्ली शराब घोटाले में सीबीआई ने 17 अगस्त को सिसोदिया सहित 15 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया था। इससे पहले भी सीबीआई सिसोदिया से पूछताछ कर चुकी है और उनके आवास पर छापेमारी कर चुकी है।




## जश्न में फायरिंग के दौरान शख्स के चेहरे पर लगी गोली

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जन्मदिन की पार्टी में जश्न के दौरान फायरिंग के दौरान 37 वर्षीय एक व्यक्ति के चेहरे पर गोली लगी। पुलिस के मुताबिक घटना जोनापुर गांव में रात की है। प्रमोद के रूप में पहचाने गए घायल व्यक्ति का एम्स में इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस ने कहा कि उन्होंने जोनापुर निवासी आरोपी रणपाल उर्फ शूटर को भी गिरफ्तार कर लिया है, जो पहले हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित चार आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), चंदन चौधरी के अनुसार, फतेहपुर बेरी पुलिस को रात गांव में फायरिंग की घटना के बारे में रात 8.24 बजे एक पीसीआर कॉल मिली। डीसीपी ने बताया, 'मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि दो साल के बच्चे का जन्मदिन मनाने के लिए पार्टी थी और पूरा मोहल्ला उसके घर पर इकट्ठा हो गया था। छत पर कुछ लोग शराब पी रहे थे। रणपाल ने जश्न में फायरिंग कर दी जिसमें प्रमोद के दाहिने गाल में गोली लग गई। अधिकारी ने बताया, 'घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया और मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) एकत्र किया गया। घायलों के बयान पर आईपीसी और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।'

# हॉर्न बजाने पर विवाद, कार सवार ने व्यक्ति को आधा किलोमीटर तक घसीटा

**नई दिल्ली।** वेस्ट दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में हॉर्न बजाने की मामूली बात पर हुए आपसी झगड़े में एक कार सवार युवक ने बीच-बचाव करने आए व्यक्ति को टक्कर मारते हुए कार की बोनट पर लगभग 500 मीटर तक घसीटा। जब कुछ लोगों ने कार सवार का पीछा किया तब कार का ब्रेक लगाकर कार के बोनट पर लटके व्यक्ति को गिराकर कार सवार फरार हो गया। यह घटना गुरुवार शाम, राजा गार्डन रिंग रोड की है।

प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले जयप्रकाश, रोहिणी से राजा गार्डन चौक अपने मित्र हरविंदर कोहली से मिलने आ रहे थे। उनकी कार के आगे एक युवक



अपनी कार में बैठा था। जयप्रकाश ने हॉर्न बजाकर साइड मांगी, साइड नहीं देने पर उन्होंने दूसरे छोर से गाड़ी निकाली और आगे निकल गए। इस बात से गुस्साए युवक ने आगे आकर जयप्रकाश की कार के आगे अपनी कार खड़ी कर दी। पहले उनसे बहस हुई फिर जयप्रकाश पर हाथ उठाया, इस बीच कुछ लोग वहां इकट्ठा हो गए। भीड़ देखकर हरविंदर कोहली जब पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके मित्र के साथ एक कार सवार युवक मारपीट कर रहा है। वह बीच बचाव करने की कोशिश करने लगे, तो युवक ने भी उनके ऊपर हाथ उठाया। कुछ देर के बाद मामला थम गया। इसी बीच कार सवार युवक ने हरविंदर कोहली को पहले टक्कर मारने की कोशिश की। लेकिन गनीमत रही कि उन्होंने गाड़ी का वाइपर पकड़ लिया और बोनट पर लटक गए। लेकिन उस युवक ने कार रोकने की बजाय लगभग 500 मीटर तक कार को भगाया।

यह घटना पास ही में लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी। इस दौरान मौके पर मौजूद कुछ बाइक सवार और कार सवार ने कार को ओवरटेक किया तो अपने आपको फंसता देख कार सवार युवक ने ब्रेक लगाई। जिससे हरविंदर कोहली नीचे गिर गए और कार सवार वहां से फरार हो गया। इस मामले में राजौरी गार्डन पुलिस का कहना है कि एफआईआर दर्ज की जा रही है। गाड़ी की पहचान कर ली गई है, जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## शहडोल में बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले को मिले कठोर सजा : स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मध्य प्रदेश के शहडोल में 92 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह घटना इंसानियत को शर्मसार करने वाली है।



मालीवाल ने ट्वीट कर कहा कि मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में 92 साल की एक महिला को जंगल में ले जाकर उसके साथ बर्बरता से दुष्कर्म किया गया। घटना को अंजाम देने वाला अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से अपील करते हुए कहा कि घटना को अंजाम देने वाले को तुरंत गिरफ्तार कराएं और उसे सख्त सजा दिलाएं। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में एक 90 वर्ष की महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जिसे लेकर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने राज्य के मुख्यमंत्री से घटना पर संज्ञान लेने की अपील की है।

# दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पहली बार आईवीएफ तकनीक से बच्चे का जन्म

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के सफदरजंग अस्पताल में पहली बार आईवीएफ तकनीक से बच्चे का जन्म हुआ। शादी के बाद संतान सुख से वंचित दिल्ली की रहने वाली 36 वर्षीय महिला ने आईवीएफ तकनीक से स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ. बी एल शेरवाल ने कहा कि डिलीवरी आपातकालीन विभाग में लोअर सेगमेंट सिजेरियन सेक्शन (एलएससीएस) सर्जरी के जरिए हुई। यह पहली बार है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित सफदरजंग अस्पताल में इस तरह की प्रक्रिया की गई है। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। डॉ शेरवाल ने कहा, 'ऐसा पहली बार हुआ है इसलिए इसे सफलतापूर्वक आयोजित करना हमारा फोकस था।' उन्होंने कहा कि इससे उन जोड़ों को मदद मिलेगी जो आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हैं लेकिन माता-पिता बनना चाहते हैं। एमएस ने आईवीएफ टीम को सम्मानित किया। मौजूदा समय में आईवीएफ सुविधा एम्स और लोक नायक अस्पताल में मौजूद है। सफदरजंग अस्पताल



के मुताबिक आईवीएफ केन्द्र स्थापित करने की योजना साल 2015 में शुरू की गई थी। मौजूदा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में आईवीएफ केंद्र स्थापित किया गया है। इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स का सारा काम साल 2019 में पूरा कर लिया गया, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे शुरू नहीं किया जा सका। इस केन्द्र की परिकल्पना का श्रेय विभाग के पूर्व प्रोफेसर डॉ बनश्री दास और प्रोफेसर डॉ प्रतिमा मित्तल को जाता है। इन प्रयासों को आईवीएफ यूनिट की वर्तमान प्रमुख प्रोफेसर डॉ बिंदु बजाज ने आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप सफदरजंग अस्पताल में स्त्री रोग विभाग में आईवीएफ केंद्र का सफल संचालन किया जा रहा है। इस आईवीएफ केन्द्र में एडिशनल एमएस अंजलि डबराल की टीम में डॉ बीएल शेरवाल (एमएस, एसजेएच), डॉ गीतिका खन्ना (प्रिंसिपल, वीएमएमसी), डॉ जयंती मणि के साथ डॉ गरिमा कपूर, डॉ दिव्या पांडे, डॉ रीता, राहुल शामिल हैं। इस केन्द्र में सोमवार से शनिवार तक डेडिकेटेड इनफर्टिलिटी ओपीडी प्रतिदिन चलाई जा रही है।

# दिल्ली की सड़कों पर चार चांद लगाने को तैयार डबल डेकर बसें, जल्द ही 25 डबल डेकर बसें दौड़ती दिखेंगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन विभाग ने 25 डबल डेकर बसों को चलाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा है। जिसके मंजूरी मिलने के बाद, एक बार फिर से दिल्ली की सड़कों पर डबल डेकर बसे चलती दिखेंगी। आपको बता दें कि दिल्ली की सड़कों पर कुछ दिनों में डबल डेकर बसें चलती नजर आएंगी। दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान इन बसों को चलाये जाने की योजना है। कुछ दिनों पहले दिल्ली के उपराज्यपाल ने समीक्षा बैठक की थी। समीक्षा बैठक में दिल्ली के उराज्यपाल ने डबल डेकर बसें चलाये जाने की संभावनाओं को तलाशने का निर्देश दिया था। इसके बाद से ही इसे लेकर तैयारियां चल रही थीं। और अब इसके लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। गौरतलब है कि 1982 में श्रीनिवासपुरी डिपो से 20 डबल डेकर बसें अलग-अलग रुट पर चला करती थीं। ये डबल डेकर बसें 90 के दशक की शुरूआत तक चलती रहीं। समय के साथ-साथ इसकी उपयोगिता भी कम होती गई और रिंग रोड पर बने पुल की ऊंचाई के कारण इसे बंद कर दिया गया था। अब भी ये बसें दिल्ली के कुछ रूट्स पर ही चलेंगी और इन बसों को केवल उन रूट्स पर ही चलाया जाएगा जिन रूट्स पर कम ऊंचाई के फुटओवर ब्रिज और पुल बने हैं। उम्मीद की जा रही है कि जी-20 सम्मेलन से पहले डबल डेकर बसों का संचालन दिल्ली के कुछ रूट्स पर कर दिया जाएगा।

## मायावती जन्म दिन पर ब्लू बुक लॉन्च

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन आज मनाया जा रहा है। इससे पहले सपा की तरफ से एक गाना रिलीज किया गया है। गीत बसपा की दिल्ली यूनिट की तरफ से तैयार हुआ है। इसमें आवाज बॉलीवुड के सिंगर कैलाश खेर की है। सबसे खास बात ये है कि गाने के बोल में बसपा प्रमुख मायावती को 'देवी बुद्ध' का अवतार कहा गया है। एक सर्कुलर जारी करके कहा गया कि आज सभी पार्टी कार्यालयों में यही गाना बजाया जाएगा। बहुजन समाज पार्टी की तरफ से जानकारी दी गई है कि मायावती बहुजन समाज पार्टी की ब्लू बुक "मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा" भाग-18 और इसके अंग्रेजी संस्करण ए ट्रैवलॉग ऑफ माई स्ट्रगलः रिडेन लाइफ एंड बीएसपी मूवमेंट" का विमोचन किया गया। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन देश भर में खासकर उत्तर प्रदेश में कार्यकर्ता जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मना रही है। पार्टी की तरफ से पदाधिकारियों और कार्यकताओं को निर्देशित किया गया है कि वे गरीबों, मजदूरों और असहाय के बीच जाकर उनके विभिन्न रूप से सहायता करें। मायावती का जन्मदिन मनाने के लिए पार्टी कार्यालय को झंडों से सजा दिया गया है। कार्यालय के बाहर बड़ी-बड़ी होर्डिंग लगाई गई हैं। इन होर्डिंग्स पर बसपा सुप्रीमो को आयरन लेडी बताया गया है।

## यूपी पंचायत सहायक की 3544 भर्तियां, फ्री में भरें फॉर्म

सरकारी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे छात्रों के लिए दैनिक भास्कर फिर से 5 लेटेस्ट नौकरियों की जानकारी लेकर आया है। 10वीं कैंडिडेट्स के पास सैंट्रल रेलवे में अप्रेंटिस और यूपी में पंचायत सहायक की नौकरी करने का शानदार मौका है। वहीं, 8वीं पास छात्र राजस्थान होमगार्ड के 3842 पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। सिलेक्शन होने पर 21 हजार रुपए मंथली सैलरी मिलेगी।

## कानपुर शहर में दुधवा जैसा जंगल सफारी

दुधवा नेशनल पार्क जैसे जंगल सफारी का रोमांच अब कानपुर में मिलेगा। यहां शनिवार से जंगल सफारी दर्शकों के लिए खोल दिया गया है। जंगल सफारी का टिकट 100 रुपए रखा गया है। यहां पर शेर, मगरमच्छ, हिरन समेत कई देसी-विदेशी पशु, पक्षी और जानवर देखने को मिलेंगे। जो लोग कम पैसे में टूर करना चाहते हैं, उनके लिए यह जगह परफेक्ट है। कानपुर के चिड़ियाघर में जहां तक नजर जाती है हरियाली ही हरियाली दिखाई पड़ती है। नदी और झील यहां की सुंदरता को बढ़ा रहे हैं। यहां पर तीन वॉच टॉवर बनाए गए हैं। जहां से खड़े होकर यहां का नजारा देखा जा सकता है। चिड़ियाघर के निदेशक के-के सिंह ने बताया, "यहां आने वाले लोगों की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। पिछले साल इसका उद्घाटन हुआ था, लेकिन बारिश के चलते जंगली जानवरों के खतरे को देखते हुए इसे अनिश्चित समय के लिए बंद करना पड़ा था।"

## मेरठ की सड़कों पर फिर तेंदुआ



**मेरठ** में एक बार फिर तेंदुआ की दहशत फैल गई है। शुक्रवार की देर रात करीब डेढ़ बजे तेंदुआ कीर्ति पैलेस के पास नजर आया। उसके में उसके गुजरने का फुटेज कैद हो गया है। वहीं, पीलीभीत में जंगल से निकलकर एक बाघ गेहूं के खेतों के पास चहलकदमी करता नजर आया। देर रात डेढ़ बजे के आस-पास तेंदुआ कीर्ति पैलेस पुलिस चौकी के पास से गुजरता हुआ दिखा है। वह कीर्ति पैलेस चौकी के पास से जागृति विहार एक्सटेंशन की ओर गया है। ये पूरा रिहायशी इलाका है। कहीं भी घने पेड़ या जंगल नहीं हैं। ऐसे में तेंदुआ कैसे यहां तक पहुंचा। माना जा रहा है कि वह नाले के सहारे यहां तक आया। सीसीटीवी में दिख रहा है कि तेंदुआ ने दीवार कूदने का प्रयास किया लेकिन विफल रहा। उसके बाद एक्सटेंशन की ओर चला गया। पीलीभीत में सुबह-सुबह लोग जब खेतों की तरफ गए तो गन्ने और गेहूं के खेतों के बीच से निकले गलियारे में बाघ को टहलता देखा। ये नजारा देख लोग सहम गए। पेड़ों के पीछे से छुपकर उसका वीडियो बना लिया। अब बाघ का मॉर्निंग वॉक करता वीडियो सामने आया है। मेरठ के कैंट इलाके में 18 दिन पहले भी तेंदुआ दिखाई दिया था। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने वन विभाग को कैंट क्षेत्र में तेंदुआ जैसे वन जीव को देखने की सूचना दी थी। सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम ने इलाके में कॉबिंग की थी लेकिन तेंदुआ पकड़ में नहीं आया था।

# बुलंदशहर में भाजपा मंडल महामंत्री की आईडी हैक




**बुलंदशहर** के अनूपशहर में साइबर ठगों का जाल कुछ ज्यादा ही फैलता जा रहा है। फर्जी वॉट्सऐप और फेसबुक आईडी बनाकर परिचितों से पैसे की मांग की जाती है। ऐसा ही एक मामला रविवार को भी सामने आया है। मंडल महामंत्री दिनेश शिवा व भाजपा नेता कन्हैया लाल सैनी के नाम से वॉट्सऐप की फर्जी आईडी बना ली गई और पैसे की मांग की गई है। यह डिमांड दिनेश शिवा के एक पत्रकार मित्र के पास पहुंची। जिन्होंने दिनेश शिवा को इसकी जानकारी दी। इसके बाद भाजपा नेता कन्हैया लाल सैनी ने अनूपशहर कोतवाली में तहरीर दी है। शिकायत करते हुए उन्होंने बताया कि उनके करीब मित्रों के पास वाट्सऐप पर मैसेज आ रहे हैं। जिसमें कहा जा रहा है कि उनका बच्चा बीमार है उन्हें 10 हजार रुपए की जरूरत है। आप तुरंत मेरे अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दो। आरोप लगाया गया है कि फ्रॉड व्यक्ति ने आधार कार्ड एवं उनकी मेल आईडी भी हैक कर ली है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी अनूपशहर अन्विता उपाध्याय ने बताया कि वॉट्सऐप के नंबरों को सर्विसलांस पर लगा कर जांच की जा रही है। कोई भी व्यक्ति फ्रॉड व्यक्ति के खाते में ऑनलाइन ट्रांजैक्शन ना करें।

# लव मैरिज करने वाली मां का दर्द



झांसी में मां के लव मैरिज करने से नाराज इकलौते बेटे ने सुसाइड कर लिया। 3 साल पहले मिले प्रेमी के चक्कर में महिला ने अपने इकलौते 17 साल के बेटे को खो दिया। दैनिक भास्कर ने मां ऊषा से बात की तो वह फूट-फूटकर रोने लगी। मां ने कहा, ह्मैं मानती हूं कि मेरी वजह से बेटे ने जहर खाया है। लेकिन जिन बच्चों को पालने के लिए ही ये सब कर रही थी, वो ही मुझे छोड़कर चला गया। ये कलंक जिंदगी भर नहीं मिटेगा। बेटे की मौत के बाद मेरा परिवार ही मुझसे रूठ गया है। घर गई तो बेटी ने हाथ पकड़कर निकाल दिया। लात भी मारी। अब मैं कहीं की नहीं रह गई हूं। मां ऊषा आगे बताती हैं, ह्शुक्रवार की बात है। मैं अपने होने वाले पति के घर मथुपुरा गांव में थी। दोपहर में हमें कोर्ट मैरिज के लिए झांसी कोर्ट में जाना था। सुबह मेरी ननद का फोन आया और वो लड़ने लगी। थोड़ी देर बाद बेटे का फोन आया और वो भी मुझसे लड़ने लगा। बेटा दादा-दादी के पास जा रहा था। लेकिन मुझे बोला मैं वहीं (मथुपुरा गांव) आ रहा हूं। दोपहर एक बजे बेटा आ गया।" आगे बताया, "मैं घर के बाहर बैठी थी। वो मुझे अपने साथ ले जाना चाहता था, लेकिन मैंने उसको कहा कि तुम जाओ, मैं आ जाऊंगी। लेकिन वो नहीं माना और लड़ने लगा। मुझसे लड़कर बेटा चला गया। बोलकर गया कि कल पता लगेगा मम्मी। मुझे क्या पता था कि बेटा ऐसा कर लेगा। नहीं तो मैं साथ चली जाती। मां आगे कहती हैं कि ह्युवक के साथ मेरे संबंध मजबूरी में बने हैं। कमरे का किराया और 3 बच्चों को पढ़ाने का खर्च सिर्फ मजदूरी से नहीं हो रहा था। 3 साल पहले एक जगह काम करने गई थी। वहां युवक भी काम कर रहा था। तब मेरी उससे जान पहचान हो गई। उसने मेरी मदद की। आटा, कपड़ा से लेकर रुपए सब जरूरत पूरी की। वो घर रुकता था, बच्चों को भी पता था। तब किसी को दिक्कत नहीं थी।" मां ने बताया, "अब एक माह से बेटा को ऑब्जेक्शन था, पता नहीं उसे किसने उकसा दिया था। बेटा मेरे संबंधों से अचानक खफा हो गया था। वो कह रहा था कि तुम ये सब पहले ही कर लेती, जब हम लोग छोटे थे। मैंने उसको कहा भी, ये पहले कहते, जब युवक घर रुकता था। लेकिन वो बहुत गुस्सा था। अब संबंधों का क्या करूं। मेरा तो बेटा चला गया।ह् टोड़ी फतेहपुर के लिधौरा गांव निवासी सीताराम पाल का बेटा बिहारी लाल मऊरानीपुर में रहता था। करीब 10 साल पहले उसकी मौत हो गई थी। बेटे की मौत के बाद ऊषा अपने बेटे सुरेंद्र पाल (17) और दो बेटियों के साथ मऊरानीपुर में रह रही थी। करीब 3 साल पहले ऊषा के मथुपुरा गांव निवासी दूसरे जाति के युवक से दोस्ती हो गई। जो कुछ दिनों बाद ही प्रेम संबंध में बदल गई। करीब 3 माह पहले वह अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। शुक्रवार दोनों ने लव मैरिज कर ली। इससे खफा होकर बेटे सुरेंद्र ने घर आकर जहर खा लिया था। उसे झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दादा ने सुरेंद्र की हत्या का शक जताया है।

# भूपेंद्र चौधरी बोले- अखिलेश को तो जेल आते-जाते रहना पड़ेगा



**यूपी** बीजेपी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लेकर बड़ा बयान दिया। अखिलेश के अपने नेताओं से जेल में मिलने के सवाल पर चौधरी ने कहा, "कोई नई बात नहीं है। उनके नेता जेल जाते रहते हैं। वह भी उनसे मिलने जेल में आते-जाते रहेंगे।" प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, "अखिलेश की सरकार में अराजकता हुई। गुंडागर्दी, बेईमानी भ्रष्टाचार और जमीनों पर कब्जे हुए। उनकी सरकार में उनके लोग इसमें संलिप्त रहे। उनका कैडर इसी तरह का है। इसलिए उनको मिलने जेल जाना पड़ेगा। अगर नहीं जाएंगे तो असंतोष पैदा होगा।" ये बातें भूपेंद्र ने लखनऊ के प्रदेश कार्यालय में बीजेपी की बैठक के बाद कहीं। बीजेपी कार्यालय में विधायक और की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से आगामी चुनाव की प्रक्रिया को लेकर मंथन हुआ। साथ ही यूपी में लोकसभा की हारी हुई 14 सीट पर बीजेपी के जीतने पर चर्चा हुई। चौधरी ने कहा, "बीजेपी के संगठन में आंशिक बदलाव होगा। इसको लेकर भी हम शीर्ष नेतृत्व से चर्चा कर रहे हैं। बीजेपी के बैठक में 3 चरणों में मतदाता संपर्क अभियान को लेकर कार्य योजना तैयार की गई है।' बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, "हम विधान परिषद की 5 सीटों पर भारी मतों की साथ जीत होगी। हमारे क्षेत्रीय संगठन के तमाम पदाधिकारी पार्टी का जनाधार को बढ़ाने के लिए लगे हैं। सीट जीतने के लिए मतदाता संपर्क अभियान चलाया जाएगा।" पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बताया, "संगठन की बैठक में माइक्रो मैनेजमेंट के तहत प्लान तैयार किया गया है। हर बूथ को मजबूत करने को प्लान तैयार किया गया है। बूथ को माइक्रो मैनेजमेंट के तहत बांटा जाएगा। सबसे पहले संगठन की बैठक में चुनाव जीतने को लेकर जिम्मेदारी तय की गई है।" प्रदेश के पदाधिकारियों और यूपी सरकार के मंत्रियों के द्वारा 5 स्नातक की सीट पर हो रहे चुनाव के लिए 7 से लेकर 20 जनवरी तक की मतदाता जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मतदाता संपर्क अभियान मतदान के पहले तक कि प्रदेश के पदाधिकारियों और प्रदेश सरकार के मंत्रियों के नेतृत्व में घर-घर जाकर चलाया जाएगा। बीजेपी की बैठक में यह तय हुआ है कि चुनावी क्षेत्रों में 39 जिले के मतदाता संपर्क सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। चुनाव क्षेत्रों के 39 जिलों में 21 से लेकर 23 जनवरी तक मतदाता संपर्क सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में सभी पदाधिकारियों और मंत्रियों को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसके अलावा 9 से लेकर 10 जनवरी तक की मतदाता केंद्र पर की गई। बैठकों की समीक्षा बैठक भी की गई। बूथ के 20 वोटरों को जिम्मेदारी दी गई है। एक-एक घर से मतदान कराने के लिए मतदाताओं को बाहर निकाला जाए।